संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास

इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़

File No. Proj-2/33/2025 UADD/368382 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक : 2/4/2026

प्रति,

आयुक्त,
नगर पालिक निगम बिलासपुर
जिला –बिलासपुर (छ.ग.)

विषय :– **15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्रस्तावों की कार्ययोजना के संबंध में।**

संदर्भ :– आपका पत्र क्र./न.पा.नि./योजना/2025–26/1765 बिलासपुर दिनांक 24/11/2025

—000—

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के अनुक्रम में, 15वें वित्त आयोग के टाईड ग्राण्ट (ठोस अप. प्रबंधन) अंतर्गत वाहन क्रय किये जाने हेतु अतिरिक्त व्यय राशि की निम्नानुसार अनुमति प्रदान की जाती है :–

तालिका कमांक –01

(राशि लाख रू. में)

क्र.	प्रस्तावित (पूर्व में स्वीकृति) वाहन/उपस्कर का विवरण	स्वीकृत राशि	निकाय द्वारा नेगोशिएशन उपरांत निविदा में प्राप्त दर	अतिरिक्त व्यय राशि
1	बैक–हो लोडर (02 नग)	51.66	71.80	20.14
	योग :–			**20.14**

15वें वित्त आयोग अंतर्गत निकाय को आबंटन एवं शेष राशि का विवरण :–

(राशि लाख रू. में)

घटकवार (वित्तीय वर्ष 2020–21 से 2023–24 तक)	आबंटित राशि	अद्यतन दी गई अनुमति	शेष राशि
1	2	3	4
टाईड ग्राण्ट (ठोस अप. प्रबंधन)	5399.95	3512.07	1887.88

15वें वित्त आयोग अंतर्गत मूलभूत सेवाओं हेतु संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास के आदेश क्रमांक/15वां वित्त/2533 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 15.07.2021 तथा भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश का पालन करते हुये, **तालिका कमांक –01 में उल्लेखित टाईड ग्राण्ट (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) अंतर्गत बैक–हो लोडर (02 नग) क्रय किये जाने हेतु राशि रू. 51.66 लाख की स्वीकृति उपरांत निविदा में प्राप्त दर अनुसार राशि रू. 20.14 लाख (टाईड ग्राण्ट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत) अतिरिक्त व्यय की अनुमति,** संचालनालय एवं शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश एवं वर्षवार प्राप्त होने वाले आबंटन एवं वित्तीय सीमा के अंतर्गत संपादन किये जाने की शर्त पर प्रदान की जाती है।

15वें वित्त आयोग से संपन्न होने वाले कार्य केन्द्र प्रवर्तित योजना होने के कारण छ.ग. नगर पालिका (मेयर इन कौंसिल/प्रेसीडेंट इन कौंसिल के कामकाज संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियों एवं कर्तव्यों) नियम 1998 यथा संशोधित 18 मई 2022 के प्रावधान, संचालनालय के पत्र क्र. /2018/1154, दिनांक 09/07/2018 में प्राधिकृत अभियंता से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने एवं छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के आदेश क्र. एफ 05–36/2016/18, दिनांक 09 नवम्बर 2016 के अनुरूप प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त कर विहित प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करावें।

Scanned with OKEN Scanner

शर्ते :–

1. छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम, अधिनियम 1956/छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961, कामकाज संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य) नियम 1998 तथा शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के प्रावधानों अनुसार कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें। नियमानुसार सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने की जिम्मेदारी आयुक्त/मुख्य नगर पालिका अधिकारी की होगी।
2. छ.ग. वर्क्स मेन्यूअल में दिये गये समस्त निर्देशों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्वक कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जावे। बिना सक्षम अनुमति के कोई भी सारवान परिवर्तन/विभक्तिकरण नहीं किया जावे।
3. सामग्री कय के संबंध में उपरोक्त अनुमति, दर का निर्धारण नहीं है। अतः छत्तीसगढ़ शासन, भण्डार क्रय नियम–2002 (यथा संशोधित 2020) के प्रावधानों एवं छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर ई–मानक तथा जेम पोर्टल से क्रय संबंधित जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।
4. उपरोक्त अनुमति प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर जारी की जा रही है, जो कार्य एक स्वरूप के है उनकी निविदाएं विभक्त न करते हुए एक ही निविदा जारी किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
5. सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन उपरान्त, कार्य का निष्पादन किया जावें।
6. स्वीकृत राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं सत्यापित फोटोग्राफ्स निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
7. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

(माननीय मंत्री जी द्वारा अनुमोदित)

Digitally signed by
Abhishek Prasad Gupta
Date: 02-04-2026
17:56:24

कार्यपालन अभियंता
संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास
नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़

Scanned with OKEN Scanner

File No. Proj-2/33/2025 UADD/368454 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक :2/4/2026

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, माननीय उप मुख्य मंत्रीजी, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
2. संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ।
3. महापौर, नगर पालिक निगम बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ ।
4. प्रोग्रामर डाटा सेंटर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास की ओर विभाग के साईट पर अपलोड हेतु।

Digitally signed by
Abhishek Prasad Gupta
Date: 02-04-2026
18:35:03

कार्यपालन अभियंता
संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास
नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़

Scanned with OKEN Scanner